an>

Title: Need to set up rake points at Mughal Sarai, Uttar Pradesh for swift movement of fertilizers to Chandauli in the State.

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : मेरा संसदीय क्षेत्र चंदौली एक कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहाँ पर धान की बहुतायत खेती होती है तथा गेहूँ के साथ ही अन्य फसलें भी उगाई जाती हैं। जैसा हम सभी जानते हैं कि उर्वरकों की उपलब्धता इन सभी फसलों के लिए अत्यावश्यक है लेकिन उर्वरक समय से तथा समुचित मात्रा में नहीं उपलब्ध हो पाता है। इसके मुख्य कारणों में एक "रेक प्वाइंट" बनारस में होना है और बनारस से चंदौली की तरफ जाने के लिए गंगा के ऊपर दो पुल हैं जिनमें एक पुराना मालवीय पुल है जिस पर ट्रकों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है और मात्र एक ही पुल राष्ट्रीय राजमार्ग-2 गंगा पर उपलब्ध है और इस पर भी लगातार जाम की समस्या बनी रहती है तथा "नो एन्ट्री" की कठिनाइयों से हफ्तों-हफ्तों तक रैक उतरने के बाद भी उर्वरक की बोरियाँ चंदौली नहीं पहुंच पाती हैं। ऐसे में किसानों को फसलों के लिए बहुत कठिनाई होती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि मुगलसराय जो मुख्यालय भी है और चन्दौली के निकट भी है, यहाँ पर रैक प्वाइंट स्थापित किया जाए जिससे चंदौली के किसानों को ठीक प्रकार से खाद मिल सके साथ ही बनारस के किसानों को भी समय पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके, यह सुनिश्चित कराया जाए।